आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के बारे में

अंतरिक्ष आयुर्विज्ञान संस्थान ने मार्च 2011 के दौरान आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की स्थापना की। तब से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी), संस्थान का एक अभिन्न अंग रहा है, जो संस्थान के कामकाज के अलग-अलग पहलुओं में प्रबुद्ध, सुसंगत और उत्प्रेरक सुधार हेतु एक प्रणाली विकसित करके गुणवत्ता वृद्धि के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में काम करता है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के कार्य निम्नानुसार हैं: -

(क) संस्थान की विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों के लिए गुणवत्ता बेंचमार्क / मापदंडों का विकास और अनुप्रयोग।

(ख) सहभागी शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया के लिए आवश्यक ज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संकाय परिपक्वता के लिए अनुकूल शिक्षार्थी-केंद्रित वातावरण के निर्माण की सुविधा प्रदान करना।

(ग) गुणवत्ता से संबंधित संस्थागत प्रक्रियाओं पर छात्रों से फीडबैक प्रतिक्रिया की व्यवस्था।

(घ) गुणवत्ता सुधार के करनेवाले विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों का दस्तावेजीकरण।

(ड़) गुणवत्ता संबंधी गतिविधियों जिसमें सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना और उसका प्रसार शामिल है,के समन्वय के लिए संस्थान की एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करना।

(च) संस्था में गुणवत्ता संस्कृति का विकास।

(छ) एनएएसी के दिशानिर्देशों और मापदंडो के अनुसार एनएएसी को प्रस्तुत किए जानेवाली वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (एक्यूएआर) तैयार करना।

आईक्यूएसी कॉलेज के महत्वपूर्ण घटकों में से एक है जो कॉलेज की सभी इकाइयों/पहलुओं में गुणवत्ता और निरंतर सुधार सुनिश्चित करता है।